भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1882**
03 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

## प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना

**1882. श्री मितेष पटेल (बकाभाई):**
**श्री सुमेधानन्द सरस्वती:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार का विचार प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत 42 मेगा फूड पार्कों और 234 शीतागार श्रृंखला परियोजनाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक भाग को जोड़ने हेतु एक शीतागार श्रृंखला ग्रिड स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या सरकार का विचार उन क्षेत्रों में भंडारण क्षमता के साथ खाद्य प्रसंस्करण पार्क स्थापित करने का है जहां बड़ी मात्रा में कृषि उपज सड़ रही है;

**(ग)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

**(घ)** इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क):** जी हां, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय शीघ्र सड़ने – गलने वाले उत्पादों का उत्पादन क्षेत्रों से उपभोग क्षेत्रों तक निर्बाध स्थानांतरण करने के लिए प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना जिसमें (i) एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना, (ii)मेगा फूड पार्क, (iii) बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज सृजन, (iv) खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार, (v) कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना और (vi) ऑपरेशन ग्रीन्स जैसे स्कीम घटक शामिल हैं के माध्यम से देश में शीत श्रृंखला अवसंरचना के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है । इन स्कीमों का लक्ष्य देश भर में शीतागारों/प्राथमिक प्रसंस्करण/और परिवहन सुविधाओं के सृजन को प्रोत्साहन देकर बागवानी एवं गैर-बागवानी उपज की फसलोत्तर हानियों को नियंत्रित करना है । पूरी मूल्य श्रृंखला में अंतर को दूर करने और शीत श्रृंखला ग्रिड की स्थापना करने के लिए मंत्रालय ने देश में 37 मेगा फूड पार्कों तथा 298 एकीकृत शीत श्रृंखला परियोजनाओं को भी अनुमोदन दिया है । पीएमकेएसवाई के अंतर्गत आज की तारीख तक अनुमोदित की गई शीत श्रृंखला एवं मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को दर्शाने वाली राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **संलग्नक-I** में दी गई है ।

**(ख) से (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में अपने स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण पार्कों की स्थापना नहीं करता है । स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार मेगा फूड पार्क (एमएफपी) के निष्पादन, स्वामित्व और प्रबंधन की जिम्मेदारी कंपनीज अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत, निजी संस्थाओं अथवा राज्य सरकार की संस्थाओं द्वारा प्रोत्साहित की गई विशेष प्रयोजन संस्था (एसपीवी) की होगी । स्कीम के अंतर्गत परियोजना के लिए आवेदन करने वाली राज्य सरकार/राज्य सरकार की संस्थाओं/सहकारिताओं को अलग से एसपीवी नहीं बनाना होगा । वित्तीय संस्थान/बैंकें, संगठित खुदरा बिक्रेता, प्रसंस्करणकर्ता, सेवा प्रदाता,

उत्पादक, किसान संगठन एवं अन्य संबंधित पणधारी एसपीवी के शेयरधारक हो सकते हैं । अब, यह स्कीम केंद्रीय क्षेत्र की नई अम्ब्रेला स्कीम – प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना का एक घटक है ।

देश में मेगा फूड पार्कों की स्थापना करने के लिए मेगा फूड पार्क स्कीम के अंतर्गत प्रस्ताव समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं । मंत्रालय द्वारा ईओआई आमंत्रित किए जाने पर देश में इच्छुक उद्यमी मेगा फूड पार्क स्कीम के दिशानिर्देशों के उपबंधों के अनुसार मेगा फूड पार्कों की स्थापना करने के लिए आवेदन कर सकते हैं । इन परियोजनाओं के लिए उपयुक्त प्रस्तावों का चयन पूर्व निर्धारित मानदंडों के अनुसार, एक त्रि-स्तरीय कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से मैरिट के आधार पर स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है । प्रस्तावों को भेजने के लिए वर्तमान ईओआई की अंतिम तिथि 31.03.2020 है ।

सरकार ने कुल 42 मेगा फूड पार्कों (एमएफपीज) की परिकल्पना की थी । आज की तारीख तक मंत्रालय ने 23 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 37 मेगा फूड पार्कों का अनुमोदन दिया है जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं । इन 37 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण के अन्य घटकों के साथ-साथ शीतागार भी एक घटक है । इन 37 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं की कुल शीतागार क्षमता 1,74,470 मी.ट. और 39,500 मी.ट. डीप फ्रीजर क्षमता है ।

अंतिम रूप से अनुमोदित की गईं 37 मेगा फूड पार्क परियोजनाओं में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार शीतागार सुविधा **संलग्नक-II** दी गई है ।

*****

संलग्नक-I

**प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना के बारे में दिनांक 03.03.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं.1882 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | शीत श्रृंखला परियोजना | मेगा फूड पार्क परियोजना | कुल परियोजनाएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | - | **1** |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 15 | 3 | **18** |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 1 | **2** |
| 4 | असम | 2 | 1 | **3** |
| 5 | बिहार | 5 | 1 | **6** |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 3 | 1 | **4** |
| 7 | गुजरात | 19 | 2 | **21** |
| 8 | हरियाणा | 12 | 2 | **14** |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 16 | 1 | **17** |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 7 | 1 | **8** |
| 11 | कर्नाटक | 14 | 2 | **16** |
| 12 | केरल | 5 | 2 | **7** |
| 13 | मध्य प्रदेश | 8 | 2 | **10** |
| 14 | महाराष्ट्र | 64 | 3 | **67** |
| 15 | मणिपुर | 1 | 1 | **2** |
| 16 | मिजोरम | 2 | 1 | **3** |
| 17 | नागालैंड | 1 | 1 | **2** |
| 18 | ओडिशा | 5 | 2 | **7** |
| 19 | पंजाब | 20 | 3 | **23** |
| 20 | राजस्थान | 11 | 1 | **12** |
| 21 | तमिलनाडु | 18 | - | **18** |
| 22 | तेलंगाना | 11 | 2 | **13** |
| 23 | त्रिपुरा | - | 1 | **1** |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 21 | - | **21** |
| 25 | उत्तराखंड | 24 | 2 | **26** |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 12 | 1 | **13** |
| | **कुल** | **298** | **37** | **335** |

**संलग्नक-II**

**प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना के बारे में दिनांक 03.03.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 1882 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

| क्र.सं. | मेगा फूड पार्क का नाम | कोर प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) | | पूर्व प्रसंस्करण केंद्र (पीपीसी) | | कुल (सीपीसी+पीपीसी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) |
| **आंध्र प्रदेश** | | | | | | | |
| 1 | श्रीनी फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, चित्तूर | 5,600 | 500 | 140 | - | 5,740 | 500 |
| 2 | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, वेस्ट गोदावरी | 100 | 3,000 | - | - | 100 | 3,000 |
| 3 | आंध्र प्रदेश इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एपीआईआईसी), कृष्णा | 3,000 | - | 80 | - | 3,080 | - |
| **अरुणाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| 4 | रोंगोग मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड | 500 | 500 | 120 | 500 | 620 | 1000 |
| **असम** | | | | | | | |
| 4 | नॉर्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क लिमिटेड, नलबाड़ी | 1,500 | - | 400 | - | 1,900 | - |
| | **Bihar** | | | | | | |
| 5 | प्रिस्टीन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, खगड़िया | 5,000 | 1,500 | 5,000 | - | 10,000 | 1,500 |
| **छत्तीसगढ़** | | | | | | | |
| 6 | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमटेड, रायपुर | 4,600 | 1,000 | 4,000 | - | 8,600 | 1,000 |
| **गुजरात** | | | | | | | |
| 7 | गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सूरत | 2,000 | 1,500 | 2,200 | - | 4,200 | 1,500 |
| 8 | फणीधर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, मेहसाणा | 5,000 | 2,000 | 6,000 | - | 11,000 | 2,000 |
| **हरियाणा** | | | | | | | |
| 9 | हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन फैडरेशन लिमिटेड (हैफेड), रोहतक | 5,000 | 1,500 | 1,300 | - | 6,300 | 1,500 |
| 10 | हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी), सोनीपत | 5,000 | 2,500 | 1,500 | - | 6,500 | 2,500 |

| क्र.सं. | मेगा फूड पार्क का नाम | कोर प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) | | पूर्व प्रसंस्करण केंद्र (पीपीसी) | | कुल (सीपीसी+पीपीसी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) |
| **हिमाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| 11 | क्रेमिका फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, ऊना | - | 1,000 | 150 | - | 150 | 1,000 |
| **जम्मू-कश्मीर** | | | | | | | |
| 12 | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पुलवामा | 2,000 | 200 | - | - | 2,000 | 200 |
| **कर्नाटक** | | | | | | | |
| 14 | इंटीग्रेटेड फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, तुमकुर | 500 | 1,000 | 150 | - | 650 | 1,000 |
| 15 | फैवोरिच इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, मांड्या | - | - | 4,000 | - | 4,000 | - |
| **केरल** | | | | | | | |
| 16 | केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (किंफ्रा), पालक्कड़ | 5,000 | - | - | - | 5,000 | - |
| 17 | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी), अलप्पुझा | 3,000 | 3,000 | 1,500 | - | 4,500 | 3,000 |
| **मध्य प्रदेश** | | | | | | | |
| 18 | इंडस मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, खरगौन | 5,000 | 2,000 | 10,000 | - | 15,000 | 2,000 |
| 19 | अवंती मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, देवास | 2,000 | - | 1,000 | - | 3,000 | - |
| **महाराष्ट्र** | | | | | | | |
| 20 | सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, सतारा | 3,000 | - | 1,200 | - | 4,200 | - |
| 21 | पैथान मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद | 1,000 | 1,000 | - | - | 1,000 | 1,000 |
| 22 | वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, वर्धा | 2,000 | - | - | - | 2,000 | - |
| **मणिपुर** | | | | | | | |
| 23 | मणिपुर फूड इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, तूबल | - | 1500 | 800 | - | 800 | 1500 |
| **मिजोरम** | | | | | | | |
| 24 | जोरम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, कोलसिब | 1,000 | - | 300 | - | 1,300 | - |
| **नागालैंड** | | | | | | | |
| 25 | डॉयस एग्री रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड, दीमापुर | 3,000 | 500 | 500 | 750 | 3,500 | 1,250 |
| **ओडिशा** | | | | | | | |
| 26 | एमआईटीएस मेगा फूड | 2,000 | 500 | 100 | - | 2,100 | 500 |

| क्र.सं. | मेगा फूड पार्क का नाम | कोर प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) | | पूर्व प्रसंस्करण केंद्र (पीपीसी) | | कुल (सीपीसी+पीपीसी) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) | शीतागार (मी.ट.) | डीप फ्रीजर (मी.ट.) |
| | पार्क लिमिटेड, रायगढ़ | | | | | | |
| 27 | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ), खुर्दा | 2,000 | - | 300 | - | 2,300 | - |
| **पंजाब** | | | | | | | |
| 28 | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड, फाजिल्का | 4,000 | 2,000 | - | - | 4,000 | 2,000 |
| 29 | पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लिमिटेड (पीएआईसी), लुधियाना | 4,900 | 1,000 | 1,300 | - | 6,200 | 1,000 |
| 30 | सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड, कपूरथला | 3,000 | 2,000 | - | 500 | 3,000 | 2,500 |
| **राजस्थान** | | | | | | | |
| 31 | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क लिमिटेड, अजमेर | 5,000 | 2,550 | 1,750 | - | 6,750 | 2,550 |
| **तेलंगाना** | | | | | | | |
| 32 | तेलंगाना स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (टीएसआईआईसी), खम्मम | - | 1,000 | 7,200 | - | 7,200 | 1,000 |
| 33 | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, निजामाबाद | 5,000 | 500 | - | - | 5,000 | 500 |
| **त्रिपुरा** | | | | | | | |
| 34 | सिकरिया मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, पश्चिम त्रिपुरा | 5,000 | 1,000 | - | - | 5,000 | 1,000 |
| **उत्तराखंड** | | | | | | | |
| 35 | पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार | 3,000 | - | 4,520 | - | 7,520 | - |
| 36 | हिमालयन फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, ऊधमसिंह नगर | 1,250 | - | 10 | - | 1,260 | - |
| **पश्चिम बंगाल** | | | | | | | |
| 37 | जांगीपुर बंगाल मेगा फूड पार्क लिमिटेड, मुर्शिदाबाद | 18,000 | 3,000 | 1,000 | - | 19,000 | 3,000 |
| **कुल 37 मेगा फूड पार्क परियोजनाएं** | | **117,950** | **37,750** | **56,520** | **1,750** | **174,470** | **39,500** |